न्यूज डायरी

अवैध निर्माण पर सील तोड़फोड़ की कार्रवाई

नई दिल्ली। राजधानी में अग्नि सुरक्षा मानकों और भवन उपविधियों के उल्लंघन के खिलाफ दिल्ली सरकार के राजस्व विभाग की ओर से चलाए जा रहे विशेष निरीक्षण अभियान के तहत रविवार को भी व्यापक कार्रवाई की गई। 130 से अधिक परिसरों की जांच के दौरान अनियमितताएं मिलने पर कई जगह नोटिस जारी किए, कुछ परिसरों को सील किया गया और अवैध निर्माण के मामलों में तोड़फोड़ की गई। ब्यूरो

जीटीबी में 21 जूनियर रेजिडेंट होंगे नियुक्त

नई दिल्ली। गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल में जूनियर रेजिडेंट के पद पर डॉक्टर नियुक्त किए जाएंगे। इस संबंध में अस्पताल ने सूचना जारी कर दी है। 21 पदों पर एडहॉक आधार पर भर्ती के लिए आठ जून तक आवेदन कर सकेंगे। जबकि भर्ती के लिए नौ जून को साक्षात्कार होगा। अस्पताल के अनुसार नियुक्ति प्रारंभिक तौर पर 44 दिनों के लिए होगी। जिसे नियमों के अनुसार अधिकतम एक वर्ष तक बढ़ाया या नियमित नियुक्ति होने तक जारी रखा जा सकता है। ब्यूरो

ठगी के कॉल सेंटर का खुलासा, सरगना दबोचा

नई दिल्ली। बाहरी उत्तरी जिला साइबर सेल ने जन सहायता केंद्र के लिए डिस्ट्रीब्यूटर आईडी और फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले फर्जी कॉल सेंटर का खुलासा किया है। पुलिस ने सरगना मोहम्मद शिराज (30) को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पुलिस ने दो फोन, एक वाई-फाई राउटर, दो सिम बरामद किया है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है। जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर वी स्वामी ने बताया कि अफजल खान नाम के व्यक्ति ने साइबर सेल में ठगी की शिकायत की थी। ब्यूरो

चार मंजिला इमारत में आग लगने से मची अफरा-तफरी, आठ को बचाया

दिल्ली में हादसा : सीढ़ियों का रास्ता बंद हो गया, दमकल कर्मियों ने बालकनी से उतारा

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। बढ़ते तापमान के बीच राजधानी में आग लगने की घटनाओं का सिलसिला जारी है। रविवार दोपहर दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के पॉश एरिया न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी की चार मंजिला एक इमारत में अचानक आग लग गई। आग लगते ही सीढ़ियों का रास्ता बंद हो गया और पूरी इमारत में धुआं भर गया। इस बीच मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

मौजूद लोगों ने चिल्लाकर मदद की गुहार लगाना शुरू कर दिया। फौरन स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस व दमकल विभाग को दी। गनीमत यह रही कि दोहपर को ट्रैफिक न होने के कारण चंद ही मिनटों में दमकल की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। फौरान रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया। दमकल कर्मियों ने इमारत की सामने की ओर से सीढ़ी लगाकर चार नाबालिग व दो महिलाओं समेत कुल आठ लोगों को सुरक्षित निकाल लिया। दिल्ली फायर सर्विस के डिप्टी चीफ एके मलिक ने बताया कि उनकी टीम को रविवार दोपहर 3.39 बजे खबर मिली कि सी-600, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी की चार मंजिला इमारत में आग लग गई है। ऊपर कुछ और लोग फंस गए हैं। आश्रम के अलावा दूसरे दमकल केंद्रों से तुरंत छह गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। शुरुआत में दो गाड़ी मौके पर 6 मिनट के भीतर पहुंची। इस बीच आग ने जीने के रास्त को बंद कर दिया था।

चार मंजिला इमारत में आग के बाद जुटे बचाव कर्मी और लोग। एजेंसी

एक-दूसरे को संभालते परिजन

बालकनी पर खड़े लोग मदद की लगा रहे थे गुहार

दूसरी और तीसरी मंजिल की बालकनी पर खड़े लोग मदद की गुहार लगा रहे थे। दमकल कर्मियों ने फौरन सीढ़ी लगाकर दूसरी मंजिल से रोशन (17), सूरज (14) और बबली (45) को सुरक्षित निकाल लिया। इसके अलावा तीसरी मंजिल से यूसुफ (55), फरहा (48), रहीमा (16), यामीन (8) और जैनब (38) को सुरक्षित निकाला गया। बाद में दमकल की गाड़ियां ने आग पर काबू पाया। 4.05 बजे आग को पूरी तरह बुझा लिया गया था।

एसी में लगी थी आग धुएं से दो पपी की मौत

दूसरे मंजिल पर मौजूद दो पपी की धुएं की चपेट में आकर मौत हो गई। शुरुआती जांच में पता चला है कि पहली मंजिल से एसी में आग लगने के बाद इमारत में आग फैली। खबर मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची। बाद में सभी लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। हादसे में पहली मंजिल पर रखा घरेलू सामान जलकर खाक हो गया। धुएं के कारण पूरी इमारत को नुकसान पहुंचा है। न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी थाना पुलिस हादसे के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

दिल्ली में 2,800 नई ई-बसें आसान बनाएंगी सफर

नई दिल्ली। राजधानी में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने और प्रदूषण मुक्त यातायात को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली सरकार 2,800 नई एयर कंडीशंड लो-फ्लोर इलेक्ट्रिक बसों को डीटीसी के बेड़े में शामिल करने जा रही है। केंद्र सरकार की पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत खरीदी जाने वाली इन बसों में 1,400 नौ मीटर और 1,400 बारह मीटर लंबी इलेक्ट्रिक बसें शामिल होंगी।

केंद्र की पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत होगी खरीदी

सरकार का दावा है कि नई बसों के शामिल होने से न केवल सार्वजनिक परिवहन की पहुंच बढ़ेगी, बल्कि शहर के बाहरी और कम सुविधायुक्त इलाकों में भी बेहतर बस सेवा उपलब्ध हो सकेगी। विशेष रूप से लास्ट-माइल कनेक्टिविटी को मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि यात्रियों को मेट्रो स्टेशन और प्रमुख परिवहन केंद्रों तक पहुंचने में सुविधा मिल सके। परिवहन विभाग के अनुसार, पहले से संचालित नौ मीटर लंबी इलेक्ट्रिक बसों के अच्छे प्रदर्शन को देखते हुए इस मॉडल का विस्तार किया जा रहा है। ब्यूरो

डीटीयू में फीस 9% तक बढ़ी बीटेक सहित कई कोर्स महंगे

विश्वविद्यालय ने पीएचडी की फीस में नहीं किया बदलाव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीटीयू) ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की फीस में बढ़ोतरी कर दी है। विश्वविद्यालय ने अलग-अलग कोर्स की वार्षिक फीस में करीब नौ फीसदी तक इजाफा किया है। इस संबंध में विश्वविद्यालय प्रशासन ने मंजूरी प्रदान कर दी है। फीस वृद्धि में ट्यूशन फीस, छात्र कल्याण शुल्क, सुविधा शुल्क, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग निधि और परीक्षा शुल्क शामिल हैं। हालांकि चिकित्सा सुविधा शुल्क और एल्युमनी एसोसिएशन सदस्यता शुल्क में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

बीटेक, बी.डेस व बीटेक (लेटरल एंट्री) की वार्षिक फीस 2,47,700 रुपये से बढ़ाकर 2,69,700 रुपये कर दी गई है। यानी छात्रों को पिछले वर्ष की तुलना में 22 हजार रुपये अधिक शुल्क देना होगा। वहीं बीटेक (सतत शिक्षा) कार्यक्रम की फीस बढ़कर 1,56,700 रुपये हो गई है। चार वर्षीय बीबीए और बीए (ऑनर्स) इकोनॉमिक्स कार्यक्रमों की फीस 1,17,200 रुपये से बढ़ाकर 1,28,200 रुपये कर दी गई है। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में एमटेक (फुल टाइम और पार्ट टाइम) की फीस में दो हजार रुपये की वृद्धि कर इसे 1,28,000 रुपये निर्धारित किया गया है। हालांकि शोधार्थियों को राहत देते हुए विश्वविद्यालय ने पीएचडी (फुल टाइम और पार्ट टाइम) कार्यक्रमों की फीस में कोई बदलाव नहीं किया है। नए शैक्षणिक सत्र में डीटीयू के अधिकांश पाठ्यक्रम छात्रों के लिए महंगे हो गए हैं। ब्यूरो

एमबीए में 10 हजार की बढ़ोतरी

एमबीए, एमबीए (इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप एंड वेंचर डेवलपमेंट) और एमबीए-बिजनेस एनालिटिक्स की फीस में 10 हजार रुपये की बढ़ोतरी की गई है। इसके अलावा एक्जीक्यूटिव एमबीए की फीस में 6 हजार रुपये, एमएससी और एमए (इकोनॉमिक्स) में 3,700 रुपये, एकीकृत बीएससी-एमएससी कार्यक्रम में 6 हजार रुपये, एमटेक (रिसर्च) में एक हजार रुपये और एमडेज में 10 हजार रुपये की वृद्धि की गई है।

घरेलू विवाद में पत्नी-बेटे की गोली मारकर हत्या, गिरफ्तार

आरोपी अनिल

गुरुग्राम का मामला, लाइसेंसी रिवॉल्वर और घटनास्थल से 14 खोल बरामद

गुरुग्राम। अशोक विहार फेज-3 के जे ब्लॉक में शनिवार रात करीब 11 बजे घरेलू विवाद में एक कंपनी के सिक्योरिटी ऑफिसर अनिल कुमार तंवर (56) ने पत्नी व बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतकों की पहचान आशा तंवर (52) व बेटे प्रशांत तंवर (27) के रूप में हुई है।

पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर मौके से लाइसेंसी रिवाल्वर व 14 खोल बरामद किए। सेक्टर-44 स्थित कंपनी में सिक्योरिटी ऑफिसर की नौकरी करने वाला अनिल मूलरूप से भिवानी के तिगड़ाना गांव का रहने वाला है। वह 20 वर्ष से गुरुग्राम के अशोक विहार फेज-3 के जे ब्लॉक में रह रहा है। अनिल के पिता और भाई का परिवार भिवानी की ब्रह्म कॉलोनी में रहता है। अनिल की पत्नी आशा तंवर शहर के कार्टरपुरी क्षेत्र में एक निजी स्कूल संचालित कर रही थीं। बेटा प्रशांत अपनी मां के साथ स्कूल के प्रबंधन व संचालन का काम संभालता था। परिजनों की शिकायत पर सेक्टर-5 थाने में संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। ब्यूरो

छह निदेशकों सहित सात पर 2 करोड़ की धोखाधड़ी का केस

गाजियाबाद। नोएडा के सेक्टर-नौ में रहने वाले गौरव महेश्वरी ने अलग-अलग कंपनियों के छह निदेशकों और सेल्स अध्यक्ष सहित सात आरोपियों के खिलाफ मधुबन बापूधाम थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित का आरोप है कि कंपनियों के निदेशकों पर सर्वर और हार्डवेयर का 2.07 करोड़ रुपये बकाया है। पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य ने बताया कि पीड़ित गौरव महेश्वरी के मुताबिक मेसर्स शाशा मेडिटेक प्राल, केनीज स्टॉर इंडिया प्राल, कौश्यौर डिजिटल इंफोटेक प्राल और प्रबंधक के फैमिली कंपनियों के निदेशकों के खिलाफ रुपयों की धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई है। संवाद

राजीव चौक की भीड़ बांटेगा सेंट्रल विस्टा मेट्रो कॉरिडोर

इंद्रप्रस्थ व आरके आश्रम मार्ग मेट्रो स्टेशन पर नए इंटरचेंज मिलेंगे विकल्प

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो के सबसे व्यस्त इंटरचेंज स्टेशनों में शामिल राजीव चौक पर आने वाले वर्षों में यात्रियों का दबाव कम हो सकता है। इसकी वजह 9.9 किलोमीटर लंबा निर्माणाधीन सेंट्रल विस्टा मेट्रो कॉरिडोर है, जो इंद्रप्रस्थ से आरके आश्रम मार्ग तक बनेगा और यात्रियों को राजधानी के मध्य हिस्से तक पहुंचने के लिए वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराएगा।

इस कॉरिडोर में कुल नौ स्टेशन होंगे, जिनमें चार इंटरचेंज स्टेशन शामिल हैं। आरके आश्रम मार्ग, इंद्रप्रस्थ, शिवाजी स्टेडियम और सेंट्रल सेक्रेटेरिएट पर इंटरचेंज की सुविधा मिलने से यात्रियों को राजीव चौक होकर यात्रा करने की अनिवार्यता समाप्त होगी। नोएडा और वैशाली से आने वाले यात्री सेंट्रल विस्टा क्षेत्र की ओर जाने के लिए इंद्रप्रस्थ स्टेशन पर ही लाइन बदल सकेंगे। वहीं द्वारका और पश्चिमी दिल्ली से आने वाले यात्रियों के लिए आरके आश्रम मार्ग नया इंटरचेंज विकल्प बनेगा। इससे बड़ी संख्या में यात्रियों का रुख राजीव चौक की बजाय इन स्टेशनों की ओर होगा। राजीव चौक लंबे समय से दिल्ली मेट्रो के सबसे व्यस्त स्टेशनों में शामिल है। वर्ष 2025 में यहां प्रतिदिन औसतन 3.8 लाख यात्रियों की आवाजाही दर्ज की गई थी। 2024 में यह आंकड़ा 3.7 लाख और 2023 में 3.5 लाख रहा। वर्तमान में ब्लू लाइन और येलो लाइन के बीच सबसे बड़ा इंटरचेंज होने के कारण बड़ी संख्या में यात्रियों को यहां उतरना पड़ता है। नए कॉरिडोर के शुरू होने के बाद यात्रियों के लिए कई वैकल्पिक इंटरचेंज उपलब्ध होंगे, जिससे भीड़ का वितरण नेटवर्क के अन्य हिस्सों में हो सकेगा और राजीव चौक पर दबाव कम होगा। ब्यूरो

प्रशासनिक केंद्रों को जोड़ेगा यह नेटवर्क

कॉरिडोर राजधानी के प्रशासनिक केंद्रों को सीधे मेट्रो नेटवर्क से जोड़ेगा। इससे कर्तव्य भवन, इंडिया गेट, राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, दिल्ली हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट, बड़ौदा हाउस और भारत मंडपम जैसे महत्वपूर्ण स्थलों तक पहुंच आसान होगी। सेंट्रल विस्टा कॉरिडोर जुड़ने के बाद मैजेंटा लाइन की कुल लंबाई 88.4 किलोमीटर हो जाएगी। यह लाइन बॉटनिकल गार्डन से इंदरलोक तक चलेगी और पूरी तरह ड्राइवरलेस संचालन वाली दिल्ली मेट्रो की सबसे लंबी लाइन बन जाएगी। इसके साथ ही नोएडा, दक्षिण दिल्ली और मध्य दिल्ली के बीच कनेक्टिविटी भी पहले से कहीं अधिक मजबूत होगी।

पंजाब नैशनल बैंक .....भरोसे का प्रतीक (A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING) pnb punjab national bank ...the name you can BANK upon!

परिसंपत्ति वसूली प्रबंधन शाखा (एआरएमबी)
बुलंदशहर (डी. नं. 821200)
पीएनबी हाऊस, यमुनापुरम, बुलंदशहर- 203001 | Email: CS8212@pnb.bank.in

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8(6) और नियम 9(1) के प्रावधानों के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज अधिनियम 2002 की वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रवर्तन के तहत अचल परिसंपतियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा जन साधारण एवं विशेषतः ऋणकर्ता(ओं) व गारंटरों(ओं) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूतित ऋणदाता के पास रेहन रखी गई/प्रभारित निम्न उल्लेखित अचल संपति, जिसका निर्माणात्मक/ भौतिक/ सांकेतिक कब्जा इस बैंक/प्रत्याभूतित ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, इसे संबंधित ऋणकर्ताओं व गारंटरों से बैंक/प्रत्याभूतित ऋणदाता की बकाया देय राशि की वसूली के लिए यहां निम्न उल्लेखित तालिका में उल्लेखितानुसार तिथि को **''जैसे है जहाँ है आधार, जैसे है जो है तथा जो कुछ वहां है के आधार पर''** बेचा जाऐगा। आरक्षित मूल्य व धरोहर राशि जमा संबंधित संपतियों के प्रति निम्न तालिका में उल्लेखितानुसार है।

प्रत्याभूतित परिसंपत्तियों की अनुसूची

लॉट नं.	शाखा का नाम / एकाऊंट का नाम / ऋणकर्ता/रेहनकर्ता/गारंटरों खाता का नाम एवं पता	अचल संपत्तियों का ब्यौरा	ए) सरफेसी एक्ट 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना की तिथि / बी) मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि / सी) सरफेसी एक्ट 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्जा तिथि / डी) कब्जे का प्रकार सांकेतिक/भौतिक/ निर्माणात्मक	ए) आरक्षित मूल्य राशि रू. में / बी) ईएमडी(अंतिम तिथि व समय) / सी)बोली वृद्धि राशि / डी) बैंकनेट संपत्ति आईडी	ई-नीलामी की तिथि/समय	प्रत्याभूतित ऋणदाताओं को ज्ञात ऋणभार की जानकारी
1.	पीएनबी ई-ओबीसी बुलन्दशहर/एआरएमबी बुलन्दशहर (डी.नं. 821200) 1. मैसर्स सुशील कुमार कॉन्ट्रैक्टर प्रो. श्री. सुशील कुमार (ऋणकर्ता), 44, हंस विहार, भूर, बुलन्दशहर, उ.प्र. - 203001. 2. श्री. सुशील कुमार पुत्र श्री रामेश्वर दयाल शर्मा (ऋणकर्ता/मालिक), 999 ए, हंस विहार, बुलन्दशहर, उ.प्र. - 202395; यह भी 44, हंस विहार, भूर, बुलन्दशहर, उ.प्र.-203001. 3. श्रीमती. चंद्रवती पत्नी श्री रामेश्वर दयाल शर्मा (गारंटर), 44, हंस विहार, भूर, बुलन्दशहर, उ.प्र. - 203001. 4. श्री. सुनील शर्मा पुत्र श्री रामेश्वर दयाल शर्मा (गारंटर), 44, हंस विहार, भूर, बुलन्दशहर, उ.प्र. - 203001.	श्री सुशील कुमार, श्री सुनील कुमार और श्रीमती चंद्रवती एस/ओ डबल्यू/ओ स्वर्गीय श्री रामेश्वर दयाल शर्मा के नाम पर ग्राम मोहल्ला भूर (अब हंस विहार कॉलोनी), परगना बरन, जिला बुलंदशहर में स्थित नगर निगम क्रमांक 44 वाला एक आवासीय मकान, क्षेत्रफल 126.00 वर्ग मीटर। **टाईटल डीड के अनुसार सीमाएं :** पूर्व - 18 फुट चौड़ी सड़क, पश्चिम - सी.के. शर्मा का प्लॉट, उत्तर - चौधरी का प्लॉट, दक्षिण - मुकेश का प्लॉट। ****टाईटल डीड के अनुसार संपत्ति का विवरण****	A) 04.11.2022 B) Rs. 23,79,507.00/- + 01.10.2022 से प्रभावी ब्याज + अन्य लागत/खर्च C) 21.03.2023 D) सांकेतिक कब्जा	A) Rs. 38.63 Lakh B) Rs. 3.87 Lakh (23/06/2026 / upto 10:00 A.M.) C) Rs. 0.50 Lakh D) बैंकनेट संपत्ति आईडी : PUNBOBCMOTIBAGH3	23/06/2026 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 04.00 बजे	प्रत्याभूतित ऋणदाता को ज्ञात नहीं
2.	शाखा: सिविल लाइन्स, बुलन्दशहर/एआरएमबी बुलन्दशहर (821200) श्री गौरव अग्रवाल पुत्र श्री सतीश अग्रवाल गारंटर/रेहनकर्ता: श्रीमती श्याम लता अग्रवाल पत्नी श्री सतीश अग्रवाल, श्री मनुज अग्रवाल पुत्र श्री सतीश अग्रवाल	श्रीमती श्याम लता अग्रवाल पत्नी श्री सतीश अग्रवाल के पक्ष में बुक संख्या 1, खंड 2240, पृष्ठ 371-392, क्रमांक 973, दिनांक 19.02.2010 में उप रजिस्ट्रार कार्यालय, बुलंदशहर में पंजीकृत मोहल्ला शेर सराय/शेर सराय, बुलंदशहर, जिला बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश - 203001 में स्थित मकान संख्या 84, क्षेत्रफल 72.80 वर्ग मीटर । प्रकाशन के अनुसार, सीमांकन श्रीमती अनीता गुप्ता, श्रीमती रेनू गुप्ता और श्रीमती प्रीति गुप्ता द्वारा बुक संख्या 1, खंड 4840, पृष्ठ 277-278, क्रमांक 892, उप रजिस्ट्रार-II, बुलंदशहर में दर्ज किया गया है। **प्रकाशन के अनुसार सीमाएं:** पूर्व - 15 फुट चौड़ी सड़क, पश्चिम - वर्मा जी का घर, उत्तर -संजय अग्रवाल का घर, दक्षिण - 10 फुट चौड़ी सड़क/गली	A) 25.05.2021 B) Rs. 22,27,238.00 + 01.05.2021 से प्रभावी ब्याज और अन्य शुल्क/खर्चों सहित। C) 19.01.2022 D) सांकेतिक कब्जा	A) Rs. 36.60 Lakh B) Rs. 3.70 Lakh (23/06/2026 / upto 10:00 A.M.) C) Rs. 0.50 Lakh D) बैंकनेट संपत्ति आईडी : PUNBCLBSR4	23/06/2026 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 04.00 बजे	प्रत्याभूतित ऋणदाता को ज्ञात नहीं
3.	शाखा: ई-ओबीसी बुलन्दशहर (सोल 014010) /एआरएमबी बुलन्दशहर (डी.नं.821200) मैसर्स अरीबा ट्रेडर्स प्रोपराइटर श्री मोहम्मद राशिद के माध्यम से पता: महल्ला इस्लामाबाद, मामन रोड, भूतेश्वर मंदिर के पास, बुलन्दशहर, उत्तर प्रदेश-203001 गारंटर/रेहनकर्ता: श्री मोहम्मद राशिद पुत्र हाजी कमरुद्दीन; हाजी याद मोहम्मद पुत्र हाजी कमरुद्दीन; श्री मोहम्मद दानिश पुत्र हाजी कमरुद्दीन; हाजी नूर मोहम्मद पुत्र हाजी कमरुद्दीन; हाजी मोहम्मद अनवर पुत्र हाजी कमरुद्दीन पता: मोहल्ला रुकन सराय, मन्हिहारो वाला कुआँ के पास, बुलन्दशहर, उत्तर प्रदेश-203001	श्री मोहम्मद राशिद, हाजी याद मोहम्मद, श्री मोहम्मद दानिश, हाजी नूर मोहम्मद और हाजी मोहम्मद अनवर सभी पुत्र हाजी कमरुद्दीन के नाम पर मोहल्ला इस्लामाबाद, मामन रोड, भूतेश्वर मंदिर के पास, परगना बरन, तहसील एवं जिला बुलंदशहर में स्थित एक दो मंजिला आवासीय मकान (भूतल पर तीन दुकानें और भूतल एवं प्रथम मंजिल पर अन्य निर्माण) जिसका क्षेत्रफल 280.00 वर्ग गज अर्थात 235 वर्ग मीटर। बिक्री विलेख के अनुसार सीमाएँ: पूर्व - हनीफ बेगम का भूखंड, पश्चिम - नाला और सड़क / मामन रोड, उत्तर - नाला, दक्षिण - हारून, राशिद और अन्य का भूखंड	A) 15.07.2025 B) Rs. 33,39,243.96 + 30.06.2025 से प्रभावी ब्याज और अन्य शुल्क/खर्च C) धारा 13(4) के तहत कब्जे की तिथि: 01.01.2026 D) सांकेतिक कब्जा	A) Rs. 128.52 Lakh B) Rs. 12.85 Lakh (23/06/2026 / upto 10:00 A.M.) C) Rs.0.50 Lakh D) बैंकनेट संपत्ति आईडी : PUNB05011237	23/06/2026 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 04.00 बजे	प्रत्याभूतित ऋणदाता को ज्ञात नहीं
4.	डिष्टी गंज, बुलन्दशहर (182400) /एआरएमबी बुलन्दशहर (821200) 1. मैसर्स बालाजी इंट. उद्योग मालिक श्री राजेंद्र सिंह पुत्र रिछपाल सिंह (ऋणकर्ता फर्म) के माध्यम से पता: धतूरी, शिकारपुर रोड, बुलन्दशहर - 203001 दूसरा पता: मकान नंबर 246, हरि एनक्लेव कॉलोनी, बुलंदशहर- 203001 2. श्री राजेंद्र सिंह पुत्र स्व. श्री रिछपाल सिंह, मैसर्स बालाजी इंट. उद्योग के मालिक (ऋणकर्ता, गारंटर और रेहनकर्ता) और 182400NC00001056, 182400990000137 में ऋणकर्ता और रेहनकर्ता। पता: मकान नंबर 246, हरि एनक्लेव कॉलोनी, बुलंदशहर- 203001 3. श्रीमती नीतू पत्नी श्री राजेंद्र सिंह (खाता मैसर्स बालाजी इंट. उद्योग में सह-ऋणकर्ता/रेहनकर्ता/गारंटर) और 182400NC00001056, 182400990000137 में ऋणकर्ता और रेहनकर्ता। पता: मकान नंबर 246, हरि एनक्लेव कॉलोनी, बुलंदशहर- 203001 4. श्री हरबंस सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री सुखन सिंह (ऋण खाता 182400NC00001056, 182400990000137) में गारंटर) पता: मकान नंबर 249, धमेड़ा रोड, मुस्तफा गढ़ी पोस्ट- नयागांव जिला बुलन्दशहर-203001 दूसरा पता: मकान नंबर 351, गांव: उटरावली, तहसील और जिला बुलन्दशहर, उ.प्र.203001	पुस्तक संख्या 1, खंड 3254, पृष्ठ 125 से 156, क्रमांक 2676 में एस.आर. कार्यालय, बुलंदशहर में 12.05.2006 को पंजीकृत हरि एनक्लेव कॉलोनी, बुलंदशहर – 203001 में स्थित आवासीय भूखंड और भवन संख्या 246, जिसका क्षेत्रफल 305.60 वर्ग मीटर का संपूर्ण भाग। रेहनकर्ता: श्री राजेंद्र सिंह पुत्र रिछपाल सिंह और श्रीमती नीतू पत्नी श्री राजेंद्र सिंह। बिक्री विलेख के अनुसार सीमाएँ: पूर्व – रास्ता 30 फुट, पश्चिम – शैलेंद्र सिंह का घर, उत्तर – आई.पी. सिंह का घर, दक्षिण – सड़क 30 फुट।	A)05.09.2019 B) Rs.79,69,552.75 (1. मैसर्स बालाजी इंट. उद्योग: मांग सूचना की धारा 13(2) के अनुसार बकाया 48,50,793.75 रुपये + ब्याज और अन्य शुल्क 30.09.2019 से प्रभावी 2. श्री राजेंद्र सिंह पुत्र रिछपाल सिंह 182400NC00001056; 182400990000137 मांग सूचना 13(2) के अनुसार देय राशि: 01.08.2019 को देय राशि 31,18,759/- रुपये + भविष्य का ब्याज और आकस्मिक शुल्क (01.08.2019 से प्रभावी) C) 09.07.2025 D) सांकेतिक कब्जा	A) Rs.134.50 Lakh B) Rs.13.50 Lakh (23.06.2026 / 10:00 A.M.) C) Rs.0.50 Lakh E) बैंकनेट संपत्ति आईडी : PUNBDYGANJ1	23/06/2026 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 04.00 बजे	प्रत्याभूतित ऋणदाता को ज्ञात नहीं
5.	खुर्जा मेन (026700)/एआरएमबी बुलन्दशहर खाता: मैसर्स अल जैद ट्रेडर्स, प्रो. श्री. राशिद खान, नवरंग पांटरी के सामने, मुंडाखेड़ा रोड, खुर्जा - 203131. 2. श्री. राशिद खान पुत्र श्री नबाब खान, पता: 75, मदार दरवाजा, खुर्जा, जिला. बुलन्दशहर-203131. 3. श्रीमती सावरा पत्नी श्री नबाब खान, पता: 75, मदार दरवाजा, खुर्जा, जिला. बुलन्दशहर-203131. 4. श्रीमती हज्जन यास्मीन, पता: 75, मदार दरवाजा, खुर्जा, जिला. बुलन्दशहर-203131.	पंजीकृत बिक्री वही क्रमांक 1, जिला क्रमांक 3771, पृष्ठ क्रमांक 307-332, क्रमांक 1696 के तहत दिनांक 22/02/2008 को एसआरओ खुर्जा द्वारा श्रीमती सावरा बेगम पत्नी श्री नबाब खान के नाम पर मोहल्ला मदार दरवाजा, कस्बा, तहसील खुर्जा, जिला बुलंदशहर में स्थित एक आवासीय मकान, नगर पालिका क्रमांक 103 (पुराना) और 113 (नया), कुल क्षेत्रफल 156.24 वर्ग मीटर। सीमाएं: पूर्व - गली मुस्तरका 8 फुट चौड़ी; पश्चिम - फयाज खान का मकान; उत्तर - हाजी चमन का मकान; दक्षिण - गली मुस्तरका 8 फुट चौड़ी। **(सांकेतिक कब्जे के अधीन)**	A) 30.12.2021 B) 30.11.2021 को 49,75,591.32 रुपये (उनचास लाख पचहत्तर हजार पांच सौ इक्यानवे रुपये और बत्तीस पैसे मात्र) और 01.12.2021 से प्रभावी ब्याज + अन्य लागतें और व्यय C) 05.05.2022 D) सांकेतिक कब्जा	A) Rs. 38.27 Lakh B)Rs. 3.83 Lakh (23/06/2026 / 10:00 A.M.) C) Rs. 0.25 Lakh D) बैंकनेट संपत्ति आईडी : PUNBKHURJAMAIN3101	23/06/2026 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 04.00 बजे	प्रत्याभूतित ऋणदाता को ज्ञात नहीं
6.	एआरएमबी, बुलन्दशहर (डी. नं. 821200)/पूर्व शाखा: संभल मो. कोटपूर्वी (एसओएल 183100) मैसर्स द बाइट फूड्स एंड स्पाइसेस प्रोडक्ट्स (प्रोप्राइटरशिप कन्सर्न) पता: ग्राम फारूखपुर, पूल फिरोजपुर के पास, संभल, उ.प्र. – 244302, 2. श्रीमती क्रैसर जहाँ पत्नी शहाबुद्दीन मालिक/ऋणकर्ता/रेहनकर्ता, पता: 363, चमन सराय, संभल, उ.प्र. - 244302, 3. श्री शहाबुद्दीन पुत्र हनीफ उद्दीन - गारंटर, पता: 363, चमन सराय, संभल, यूपी - 244302, 4. श्रीमती शबाना पत्नी ताज उद्दीन - गारंटर, पता: 363, चमन सराय, संभल, उ.प्र. - 244302 5. श्रीमती ज़रीन पत्नी अरशद आलम - गारंटर, पता: 363, चमन सराय, संभल, उ.प्र. - 244302	श्रीमती क्रैसर जहाँ पत्नी शहाबुद्दीन के नाम पर बुक संख्या 01, जिल्द संख्या 6057, पृष्ठ 189 से 204, क्रमांक 13111, दिनांक 30.12.2011, एसआरओ संभल में पंजीकृत ग्राम फारूखपुर, संभल, जिला संभल में स्थित मुख्य संरचना सहित संपत्ति का वह भाग। कुल क्षेत्रफल 860.00 वर्ग मीटर। टाईटल डीड के अनुसार सीमाएँ: पूर्व - मुरादाबाद रोड, पश्चिम - रोड, उत्तर - उत्तर प्रदेश रोडवेज वर्कशॉप की संपत्ति, दक्षिण - श्री विशाल गुप्ता का भूखंड	A) 19.08.2023 B) Rs. 26,52,065.52 (छब्बीस लाख बावन हजार पैंसठ रुपये और बावन पैसे मात्र) + 17.08.2023 से प्रभावी ब्याज + अन्य लागतें और खर्च C) 16.12.2023 D) सांकेतिक कब्जा	A) Rs. 143.00 Lakh B) Rs. 14.30 Lakh (23/06/2026 / upto 10:00 A.M.) C) Rs. 0.50 Lakh D) बैंकनेट संपत्ति आईडी : PUNB0872646	23/06/2026 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 04.00 बजे	प्रत्याभूतित ऋणदाता को ज्ञात नहीं
7.	पीएनबी ई-यूबीआई (145020) एआरएमबी बुलंदशहर (821200) 1. श्री मनीष शर्मा पुत्र श्री सुभाष चंद्र शर्मा (ऋणकर्ता) पता: मकान संख्या 57 बी, रेलवे कॉलोनी, हापुड़, उत्तर प्रदेश-245101 दूसरा पता: मकान संख्या 692, प्रीत विहार कॉलोनी, वार्ड 21, बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश - 203001 2. श्रीमती प्रतिभा शर्मा पत्नी श्री सुभाष चंद्र शर्मा (सह-ऋणकर्ता/रेहनकर्ता) पता: मकान संख्या 571 बी, रेलवे कॉलोनी, हापुड़, उत्तर प्रदेश-245101 दूसरा पता: मकान संख्या 692, प्रीत विहार कॉलोनी, वार्ड 21, बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश - 203001 3. श्री सुभाष चंद्र शर्मा पुत्र श्री ब्रज नंदन शर्मा (